Maharshi Dayanand University Rohtak
October 30 at 3:57 PM ·

रोहतक, 30 अक्टूबर। महर्षि दयानंद विश्वविद्यालय के लोक प्रशासन विभाग एवं दीन दयाल उपाध्याय चेयर के संयुक्त तत्वावधान में आज- लिंग संवेदीकरण विषय पर विस्तार व्याख्यान कार्यक्रम का आयोजन किया गया।
लोक प्रशासन विभाग के अध्यक्ष प्रो. सेवा सिंह दहिया ने स्वागत भाषण दिया और व्याख्यान की पृष्ठभूमि पर प्रकाश डाला। मनोविज्ञान विभाग की प्रोफेसर डा. सोनिया मलिक ने बतौर मुख्य वक्ता यह व्याख्यान दिया। अपने प्रेरणादायी संबोधन में प्रो. सोनिया मलिक ने कहा कि लिंग संवेदीकरण वर्तमान समय का अहम मुद्दा है, जिसके बारे में लोगो को संवेदनशील होने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि लैंगिक संवेदीकरण बारे संवेदनशीलता से ही लैंगिक समता का रास्ता प्रशस्त होगा।
प्रो. सोनिया मलिक ने कहा कि महिलाओं का समाज में बराबरी का दर्जा देने में पुरूषों को भी सकारात्मक सोच बनानी होगी।पुरुष समाज को भी महिलाओं के प्रति अपनी मानसिकता में सार्थक बदलाव लाना होगा। प्रो. सोनिया मलिक ने व्याख्यान को आगे बढ़ाते हुए व्यक्तित्व विकास एवं इसके प्रकारों का विस्तारपूर्वक वर्णन किया और अंत में एक भावनात्मक कविता के माध्यम से विद्यार्थियों में संवेदनशीलता पैदा करने का प्रयास किया। लोक प्रशासन विभाग के पूर्व विभागाध्यक्ष प्रो . सतबीर सिंह चाहर ने आभार जताया। इस अवसर पर डॉ. राजेश कुंडू, डॉ. समुन्दर सिंह, डॉ. सुमन लता, साहब सिंह सहित शोधार्थी एवं विद्यार्थी मौजूद रहे।

Sustainable Development Goals
SUSTAINABLE DEVELOPMENT GOALS
FOOD
1- Buy it with thought
2- Cook it with care
3- Use less wheat & meat
4- Buy local Food
5- Serve just enough

"Government is Finance"
- Lloyd George
" Budget is the life blood
of the government."
- Aaron Wildavsky

"Government is Finance"
- Lloyd George
" Budget is the life blood of the government."
- Aaron Wildavsky